तापमान
अधिकतम 17 .4 डिग्री
न्यूनतम 8 .1 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 3 जनवरी 2026

11 प्राथमिक शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण



12 यमुना की स्वच्छता में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज



## खबर संक्षेप

### कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

**सोनीपत।** उपायुक्त सुशील सारवान ने बताया कि जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 3 जनवरी शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी। इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। इस मौके पर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### ट्रक की टक्कर, साइकिल सवार श्रमिक की मौत

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ के पास ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार श्रमिक निर्दोष शाह की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की और ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बिहार के भागलपुर जिले के गांव मसलिट्टी निवासी गौतम कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनके ससुर निर्दोष शाह बहालगढ़ स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे। ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह साइकिल से अपने कमरे की ओर लौट रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब छह बजे जब वह पानीपत-दिल्ली हाईवे की सर्विस रोड पर बहालगढ़ स्थित होटल के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही निर्दोष शाह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सहायता से उन्हें तुरंत सोनीपत के नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। निर्दोष शाह की मौत से परिवार में शोक का माहौल है।

### ट्रेन में चढ़ते नीचे गिरा, मौत

**गन्नौर।** शुक्रवार को गन्नौर रेलवे स्टेशन पर एक 50 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन में चढ़ते समय फिसलने से मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के पास कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई। जीआरपी चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक पिछले काफी समय से स्टेशन पर ही घूमता रहता था। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जब वह पानीपत से दिल्ली जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में चढ़ रहा था, लेकिन उसका पैर फिसल गया और वह ट्रेन की चपेट में आ गया। फिलहाल पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

# मिनी सचिवालय में व्यक्ति ने पीया कीटनाशक, पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप

■ लोगों ने नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया ■ चिकित्सकों ने पीजीआई रेफर किया ■ घटना से सचिवालय से अफरातफरी मची

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

बहालगढ़ थाना क्षेत्र में युवक की हत्या व शव जलाने के मामले में मुठभेड़ के बाद पकड़े गए दो आरोपितों में से एक के मुंह बोले ससुर ने शुक्रवार को लघु सचिवालय पहुंचकर कीटनाशक पीकर आत्महत्या की कोशिश की। घटना से सचिवालय में अफरा-तफरी मच गई। हालत गंभीर होने पर उसे पहले नागरिक अस्पताल सोनीपत में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। वहीं वारदात के मुख्य आरोपितों में से एक को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया है। वहीं इस वारदात में संलिप्त दूसरा आरोपित समीर फिलहाल अस्पताल में उपचाराधीन है जिसकी स्थिति पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। शुक्रवार दोपहर बाद गांव राठधना निवासी राजेश (36) लघु सचिवालय के मुख्य गेट के पास पहुंचा। उसने अचानक कीटनाशक पी लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो वहां मौजूद लोगों में हडक्रंप मच गया और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। कोर्ट परिसर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बिना देरी किए राजेश को पीसीआर गाड़ी से नागरिक अस्पताल पहुंचाया। उसे गंभीर हालत में पहले खानपुर व बाद में रोहतक रेफर कर दिया गया।

■ अधजले शव मिलने के मामले में युवक की पत्नी व परिवार के लोगों से पुलिस कर रही पूछताछ

■ मामले पुलिस ने आरोपियों को कर चुकी गिरफ्तार

अस्पताल में राजेश ने बताया कि उनकी शादी मुस्लिम महिला हलीमा से हुई है। सितंबर, 2025 में उनकी मुंह बोली बेटी सबीना का पता ओस मोहम्मद उर्फ आसु लापता हो गया था। बाद में उसका शव जली हुई हालत में मिला था। उस मामले में उनकी पत्नी हलीमा और परिवार के अन्य सदस्यों को बार-बार पूछताछ के नाम पर पुलिस की तरफ से परेशान किया जा रहा है। वह और उनका परिवार अपने मुंहबोले दामाद किस लिए मारेगा। वह मानसिक तनाव और पुलिस की कार्रवाई से आहत होकर अपनी शिकायत लेकर लघु सचिवालय पहुंचा था, लेकिन तनाव में आत्मघाती कदम उठा लिया। मामले में पुलिस जांच कर रही है। बताया गया कि राजेश राठधना रोड स्थित विवि में सफाई कर्मी है।

### पेचकस से हमला कर हत्या

हत्या के मामले में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद ईदगाह कॉलोनी के दो भाइयों साजिद व समीर को पकड़ा था। हिस्ट्रीशीटर समीर को मुठभेड़ में गोली लगी थी। वह खानपुर में उचाराधीन है। मामले में आरोपियों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने आशु की हत्या पेचकस की थी। उसके बाद शव को आग लगाकर जला दिया था। हालांकि वह पूरी तरह जल नहीं पाया। बताया जा रहा है कि समीर व आस मोहम्मद की पत्नी सबीना के बीच मधुर संबंध थे। इनमें ही वारदात को अंजाम दिया गया। मामले में सबीना की भूमिका फिलहाल संदिग्ध बताई जा रही है। पुलिस उससे पूछताछ कर सकती है।

### प्रोडक्शन वारंट पर लेने की तैयारी

बहालगढ़ थाना पुलिस ने इस गुत्थी को पूरी तरह सुलझाने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया है। पुलिस जल्द ही साजिद और समीर दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर लेने के लिए न्यायालय में अर्जी दाखिल करेगी। पुलिस सूत्रों का कहना है कि आरोपितों को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ करना अनिवार्य है ताकि हत्या के पीछे के वास्तविक इरादों और वारदात के समय उनके साथ मौजूद अन्य संभावित संदिग्धों की पहचान हो सके। प्रोडक्शन वारंट मिलने के बाद पुलिस आरोपितों को घटना स्थल पर भी ले जा सकती है ताकि वारदात के क्रम को वैज्ञानिक ढंग से जोड़ा जा सके।

### आस मोहम्मद की हत्या मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

सीआईए कुंडली ने मुठभेड़ के बाद मुरथल क्षेत्र से दो आरोपियों को पकड़कर बहालगढ़ थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड से पर्दा उठाया था। मामले में आस मोहम्मद की हत्या हुई थी। अब उस मामले में राजेश नाम के युवक ने जहर खाया है। पुलिस आस मोहम्मद की हत्या में उसकी भूमिका का पता लगाएगी।
-**कुशलपाल**, डीसीपी पश्चिम

## प्रॉपर्टी आईडी में बड़ी अनियमितताएं मिलने पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग की कार्रवाई

# नगर निगम के तीन अधिकारी सस्पेंड 10 के खिलाफ चार्जशीट की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**नगर निगम कर्मचारियों में हड़कंप :** 2020 से मार्च 2025 के बीच बनाई गई प्रॉपर्टी आईडी की जांच में मिली खामियां, चार सदस्यों की कमेटी ने की थी मामले की जांच

नगर निगम कार्यालय में शुक्रवार को तीन अधिकारियों को संस्पेड किए जाने पर हड़कंप मच गया। नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी से जुड़ी बड़ी अनियमितताओं को लेकर शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने सख्त रवैया अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। निगम में वर्ष 2020 से मार्च 2025 के बीच बनाई गई प्रॉपर्टी आईडी की जांच में खामियां पाए जाने पर 3 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है, जबकि करीब 10 कर्मचारियों के खिलाफ चार्जशीट की तैयारी की जा रही है। शहरी स्थानीय निकाय विभाग को काफी समय से सोनीपत नगर निगम में प्रॉपर्टी आईडी बनाने में नियमों की अनदेखी करने संबंधी शिकायतें मिल रही थी। जब शिकायतों का मामला मुख्यालय तक पहुंचा तो उच्च अधिकारियों की ओर से जांच के कमेटी का गठन किया गया था। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जब मुख्यालय स्तर पर जांच कराई गई तो सामने आया कई मामलों में लापरवाही व नियमों के विरुद्ध आईडी जारी की गईं। मुख्यालय की ओर से शिकायतों की जांच के लिए सितंबर माह में चार सदस्यीय कमेटी का गठन जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। कमेटी की अध्यक्षता पानीपत नगर निगम के आयुक्त पंकज कुमार ने की। कमेटी को 5 वर्षों में प्रॉपर्टी आईडी की जांच कर दो माह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए थे। इसके लिए सोनीपत नगर निगम से पिछले 5 साल का पूरा रिकॉर्ड भी मंगवाया गया। कमेटी की ओर से तय समय में जांच पूरी करने के बाद अपनी रिपोर्ट मुख्यालय को सौंप दी। अब रिपोर्ट के आधार पर नगर निगम के जेडटीओ राजेंद्र चुघ, एसडीओ अभिषेक व तत्कालीन जेई नवरत्न को सस्पेंड करने के निर्देश जारी किए गए। साथ ही नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए गए हैं कि करीब 10 अन्य कर्मचारियों को चार्जशीट किया जाए। विभाग की उक्त कार्रवाई के बाद सोनीपत नगर निगम में अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

■ शिकायतें मिलने के बाद मामले का खुलासा हुआ था

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि जांच आगे भी जारी रहेगी, दोषियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।




**सोनीपत।** शहर में नगर निगम का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### प्रॉपर्टी आईडी में गलत तरीके से बदलाव किए

उच्च अधिकारियों की ओर से नगर निगम कार्यालय को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रॉपर्टी आईडी में गलत तरीके से बदलाव किए गए हैं। जांच के आधार पर कार्यालय के 3 कर्मचारियों को संस्पेंड किया गया है। दो कर्मचारी सोनीपत कार्यालय में तैनात हैं, जबकि तीसरा कर्मी करनाल में तैनात हैं। इनके अलावा कई कर्मचारियों पर जल्द चार्जशीट की तैयारी की जा रही है। विभाग की ओर से पहले भी ऐसी कार्रवाई की गई है। कई लोगों को चार्जशीट किया गया है। एक कर्मचारी को 6 माह पहले सस्पेंड कर विजिलेंस ने गिरफ्तार किया था।
-**हर्षित कुमार**, आयुक्त, नगर निगम

## नागरिक अस्पताल के पार्क में शव मिला, ठंड से मौत की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

कड़ाके की ठंड और लगातार चल रही शीतलहर के बीच शुक्रवार की सुबह जिला नागरिक अस्पताल परिसर से एक दुखद खबर सामने आई है। अस्पताल के पार्क में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आशंका जताई जा रही है कि खुले आसमान के नीचे रहने के कारण अत्यधिक ठंड लगने से युवक की जान गई है। हालांकि पुलिस का कहना है कि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। शुक्रवार सुबह जब लोग और मरीज के तीमारदार अस्पताल परिसर स्थित पार्क के पास से गुजर रहे थे तब उन्होंने एक युवक को जमीन पर अचेत अवस्था में पड़ा देखा। युवक में कोई हलचल न होते देख तुरंत इसकी सूचना अस्पताल प्रशासन और पुलिस चौकी को दी गई। सूचना मिलते ही चिकित्सकों की एक टीम एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। डॉक्टरों ने जांच के उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल परिसर में इस तरह शव मिलने की खबर फैलते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई।

■ पार्क में अचेत पड़ा देख लोगों ने पुलिस को सूचना दी

### उम्र 35 वर्ष के लगभग शिनाख्त में जुटी पुलिस

पुलिस टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मृतक के कपड़ों की तलाशी ली ताकि उसकी पहचान सुनिश्चित की जा सके। पुलिस के अनुसार युवक की आयु करीब 35 वर्ष के आसपास प्रतीत हो रही है। उसके पास से ऐसा कोई भी पहचान पत्र या दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है जिससे उसके नाम या पते का पता चल सके। पहचान न होने के कारण पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल के शव गृह में 72 घंटों के लिए रखवा दिया है।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से होगा खुलासा

पिछले कुछ दिनों से सोनीपत में रात के समय पारा काफी नीचे गिर जाता है। नागरिक अस्पताल के खुले पार्क में शव मिलने से प्राथमिक तौर पर यही माना जा रहा है कि युवक भीषण ठंड की चपेट में आ गया। पुलिस ने मृतक की तस्वीरें आसपास के सभी थानों और सार्वजनिक स्थानों पर भेज दी हैं ताकि उसके परिजनों का पता लगाया जा सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मौत प्राकृतिक थी या इसके पीछे कोई अन्य कारण रहा है। फिलहाल जांच जारी है।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, रिमांड पर

**सोनीपत।** सोनीपत में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को थाना राई पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर वारदात का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार आरोपित कृष्णा उर्फ किशन और अमन निवासी प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश हाल मेट्रो विहार दिल्ली बताए गए हैं।

### मदद का झांसा देकर बदल लेते थे कार्ड

मामले में शिकायतकर्ता आनंद कुमार निवासी उत्तर प्रदेश हाल असावरपुर जिला सोनीपत ने थाना राई में दी शिकायत में बताया कि 29 दिसंबर 2025 को इंडियन बैंक एटीएम राई से रुपये निकालते समय कुछ अज्ञात युवक सहायता के बहाने उसका ध्यान भटकाकर उसका एटीएम कार्ड बदल ले गए। बाद में अलग-अलग एटीएम से लगातार निकासी की गई, जिसमें उसके खाते से लगभग 1 लाख 41 हजार 368 रुपये निकलने की पुष्टि हुई। बैंक से लगातार ट्रांजेक्शन अलर्ट आने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। अब पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**सोनीपत।** पुलिस की क्राइम यूनिट वेस्ट ने अवैध हथियार रखने के मामले में संलिप्त आरोपित विजय उर्फ मल्लो निवासी शांति नगर, मुरथल जिला सोनीपत को अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक जनवरी को सहायक उप निरीक्षक प्रवेश अपनी टीम के साथ मिशन चौक सोनीपत पर गश्त और पड़ताल के दौरान मौजूद थे, तभी खुफिया सूचना मिली कि विजय उर्फ मल्लो अवैध पिस्तौल के साथ नंदी चौक सोनीपत पर किसी के इंतजार में खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में उसकी पहचान विजय उर्फ मल्लो के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल 315 बोर और एक कारतूस बरामद किया गया।



## जिले में ग्रैप-तीन की पाबंदियां समाप्त, स्टेज एक और दो का कड़ाई से पालन करवा रहे अधिकारी

**सोनीपत।** वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के आदेशों के तहत जिले में ग्रैप के स्टेज- तीन के अंतर्गत लागू की गई पाबंदियों को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है। उपायुक्त सुशील सारवान ने जानकारी देते हुए कहा कि हाल के दिनों में तेज हवाओं और अनुकूल मौसमीय परिस्थितियों के चलते वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार दर्ज हुआ है, जिसके आधार पर आयोग द्वारा यह निर्णय लिया गया है। हालांकि ग्रैप स्टेज-1 और स्टेज-2 के अंतर्गत लागू प्रावधान पूर्व की भांति प्रभावी रहेंगे और उनका कड़ाई से पालन करवाया जाएगा।

### ढील नहीं दी जाएगी: उपायुक्त

उपायुक्त ने बताया कि सुधार के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण से जुड़ी सतर्कता में किसी प्रकार की ढील नहीं दी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन निर्माण और ध्वस्तीकरण परियोजनाओं को नियमों के उल्लंघन के कारण रोका गया था, वे बिना सक्षम प्राधिकारी या आयोग की अनुमति के दोबारा शुरू नहीं की जा सकेंगी। सभी निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण, पानी का नियमित छिड़काव, कवरिंग, यांत्रिक स्वीपिंग और प्रदूषण मानकों का पालन अनिवार्य रहेगा।

**कई प्रस्तावों पर मुहर** | मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता नगर निगम हाउस की बैठक

# वार्ड सात में पूर्व पीएम वाजपेयी के नाम पर होगा नवनिर्मित योग सेंटर, ऋषि कॉलोनी में 10 करोड़ रुपये से बनेगा पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

नगर निगम हाउस की वर्तमान कार्यकाल की अंतिम बैठक शुक्रवार को मेयर राजीव जैन की अध्यक्षता में जिला परिषद कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में शहर के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। इनमें वार्ड अनुसार विकास कार्यों की समीक्षा, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था व जनहित से संबंधित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

■ बैठक में सड़कों की मरम्मत सहित अन्य प्रस्ताव पारित

मेयर राजीव जैन ने बताया कि नगर निगम के इस कार्यकाल की अंतिम बैठक में शाहपुर, जैश पार्क, शास्त्री पार्क से बिजली का ट्रांसफार्मर बाहर शिफ्ट करने के लिए निगम खर्चा जमा करवाएगा। टेंडर अलॉट होने के 6 माह बाद भी काम शुरू न करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा वार्ड-1 की ऋषि कॉलोनी में 10 करोड़ रूपये से बनने वाले पार्क, वार्ड 7 में नवनिर्मित योग सेंटर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने, ऑडिटोरियम के लिए जमीन नगर निगम की ओर से देने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। बैठक में आयुक्त हर्षित कुमार, संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, पार्षद हरिप्रकाश सैनी, सुरेंद्र नैय्यर, सुरेंद्र मदान, बबीता कौशिक, मुकेश सैनी, रेनू कपूर, लाला ठोलेदार, पुनीत राई, राजीव सरोहा, महेश लूथरा, इंदु वलेचा, लक्ष्मी नारायण तनेजा, सुनीता सैनी, सूर्य दहिया, अतुल जैन, मोनिका नागर, नवीन तंवर, मंजीत गहलावत, बिजेंद्र मलिक, नीतू दहिया मौजूद रहे।



**सोनीपत।** नगर निगम हाउस की बैठक के बाद मेयर व अधिकारी।

### विकास कार्यों की समीक्षा रिपोर्ट पर किया मंथन

*बैठक में कार्यकारी अभियंताओं ने अपने क्षेत्र के वार्डों में चल रहे विकास कार्यों एवं लंबित टेंडरों की समीक्षा रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। बैठक में विधायक निखिल मदान ने सभी पार्षदों के सहयोग के लिए आभार जताया। मेयर राजीव जैन ने कहा कि सभी पार्षदों ने सकारात्मक सोच के साथ बिना राजनीतिक भेदभाव के सभी वार्डों में विकास कार्य करवाए। आगे भी एक जिम्मेदार नागरिक की तरह निगम कार्यों में सहयोग करते रहेंगे।*

# एसआई हत्या मामले की जांच तेज पड़ोसी युवक वारदात के बाद से गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

राजपुर गांव में दिल्ली पुलिस से एसआई पद से सेवानिवृत्त 60 वर्षीय दिव्यांग दलबीर की हत्या के मामले में आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। पुलिस ने आरोपितों का सुराग लगाने के लिए चार टीमें गठित की हैं। वहीं खानपुर मेडीकल में मृतक दलबीर का पोस्टमार्टम करवाने के बाद वीरवार देर शाम गांव राजपुर में अंतिम संस्कार किया गया। परिवार के सदस्यों ने पुलिस से आरोपितों का जल्द पता लगा कर उनकी गिरफ्तारी करने की मांग की है।

■ दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्त होने के बाद अपने प्लाट में मिठाई के डिब्बे बनाने की फैक्ट्री चलाते थे

बता दें कि दिल्ली पुलिस से एसआई पद से सेवानिवृत्त होने के बाद दलबीर ने अपने मकान के साथ प्लाट में मिठाई के डिब्बे बनाने की फैक्ट्री खोली थी।



### फैक्ट्री में शव मिला

गत बुधवार की रात वह फैक्ट्री के कमरे में सोने गया था। वीरवार की सुबह उसका शव फैक्ट्री के एक कमरे में मिला। परिवार वालों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक दलबीर के शव के पास उसकी टूटी हुई बैसाखी पड़ी मिली। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि हत्या उसी बैसाखी से की गई है।

### चार टीमें कर रही जांच : एसीपी

एसीपी ऋषिकांत ने बताया कि पुलिस ने मामले में गिरफ्तारी के लिए चार टीमें गठित की हैं। उनका पड़ोसी सुरेंद्र भी फरार है। पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। उम्मीद है जल्द ही आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस कर्मचारी आसपास की इलाकों में लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है। जल्द मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।

### पुलिस जांच में सिर पर चोट के निशान मिले

पुलिस जांच में उनके सिर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए थे। मृतक के बेटे संदीप राठी ने बताया कि उनके ताऊ राममेहर उसके पिता दलबीर से बुधवार की रात 11 बजे मिल कर गए थे। इसके बाद ताऊ राममेहर ने उनके गांव के ही सुरेंद्र को उसके पिता से मिलते हुए देखा था। थाना बड़ी पुलिस ने मृतक के बेटे संदीप राठी की शिकायत पर अज्ञात पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।



# बॉर्डर 2 का 'घर कब आओगे' गीत रिलीज, गायकों ने जीता दिल

**मुंबई।** फैंस का इंतजार खत्म हुआ और 'बॉर्डर 2' का मच अवेटेड गाना 'घर कब आओगे'शुक्रवार को रिलीज हो गया है। 'घर कब आओगे' फिल्म बॉर्डर के लोकप्रिय गीत 'संदेसे आते हैं'का री-क्रिएटेड वर्जन है। जिसे उसी धुन के साथ नए अंदाज और लिरिक्स में पेश किया गया है। जावेद अख्तर द्वारा लिखित और अनु मलिक के संगीत से सजे 'संदेसे आते हैं'के इस नए वर्जन को मनोज मुंतशिर ने लिखा है। जबकि संगीत मिथुन का है। पिछली बार इस गाने को सोनू निगम और रूप कुमार राठौड़ ने गाया था। लेकिन, इस बारे गाने में दो नहीं, बल्कि चार गायकों की आवाज है। इस बारे गाने को सोनू निगम के साथ अरिजीत सिंह, दिलजीत दोसांझ और विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है। इन चारों की आवाज में इस गाने को सुनकर फैंस उत्साहित हैं। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। फिल्म में सनी देओल के साथ वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। जबकि मोना सिंह, सोनम बाजवा, आन्या सिंह और मेधा राणा भी फिल्म में अहम किरदारों में दिखाई देंगे।

लाइफ Style

# कृति नहीं लेती बॉक्स ऑफिस नंबर्स का दबाव

कृति सेनन अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' को लेकर चर्चाओं में हैं। 'तेरे इश्क में'की सफलता के बाद अब 'कॉकटेल 2' पर भी अच्छे प्रदर्शन का दबाव है। कृति सेनन बॉलीवुड में अपने करियर के 11 साल पूरे कर चुकी हैं। इन 11 साल में कृति कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही हैं। साथ ही उन्होंने कई हिट फिल्में भी दी हैं। उनकी आखिरी रिलीज फिल्म 'तेरे इश्क में' भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। वहीं फिल्म में उनके अभिनय की भी काफी तारीफ हुई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कृति नए साल में अपनी आगामी फिल्म 'कॉकटेल 2' के साथ प्रवेश कर रही हैं। यह उनकी 20वीं फिल्म भी है। इस मौके पर कृति ने 'कॉकटेल 2' को लेकर बात की और साथ ही बताया कि क्या फिल्मों की सफलता उनके ऊपर दबाव डालती है या नहीं। कृति ने बॉक्स ऑफिस नंबर के प्रेशर के बारे में बात की। एक फिल्म की सफलता क्या दूसरी फिल्म के बॉक्स ऑफिस नंबर के आंकड़ों को लेकर दबाव बनाती है? अभिनेत्री ने कहा कि वो अपने ऊपर किसी भी तरह का दबाव नहीं लेती है। हर फिल्म अलग होती है, आप यह उम्मीद नहीं कर सकते कि हर फिल्म एक ही तरह के दर्शकों को आकर्षित करेगी। कॉकटेल 2 के दर्शक, तेरे इश्क में से बिल्कुल अलग हैं। आप बस कड़ी मेहनत और पूरी ईमानदारी से काम कर सकते हैं। आपको हर फिल्म में अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है। इसके अलावा बाकी सब हमारे हाथ में नहीं है, क्योंकि बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की सफलता को प्रभावित करने वाले कई और कारण भी होते हैं। इसलिए मैं वह दबाव नहीं लेना चाहती। मैं अपने फिल्म निर्माताओं पर भी वह दबाव नहीं डालती। बल्कि, मैं बस इस प्रक्रिया का आनंद लेती हूं। मैं उत्साहित हूं। इससे पहले एक इंटरव्यू में बात करते हुए कृति ने कॉकटेल 2 के बारे में बताया था कि 'कॉकटेल 2 बिल्कुल सही समय पर बनी। मुझे इसकी बहुत चाह थी।



## हॉलीवुड मसाला



# पिता बनने का साझा किया अनुभव

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर अभिनेता और मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'लोकी' के नाम से दुनियाभर में पहचान बना चुके टॉम हिडलस्टन एक बार फिर पिता बन गए हैं। नए साल की शुरुआत उनके लिए बेहद खास रही। टॉम हिडलस्टन और उनकी पार्टनर और अभिनेत्री जावे एश्टन ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। टॉम हिडलस्टन ने पिता बनने के एहसास को शब्दों में बयां करते हुए कहा कि यह अनुभव ऐसा है, जिसे महसूस किए बिना समझा नहीं जा सकता। उनके मुताबिक, यह पल न सिर्फ भावनात्मक है, बल्कि इंसान की पूरी सोच और जिंदगी को नई दिशा दे देता है। हालांकि, कपल ने अपने बच्चे के नाम और जेंडर को लेकर फिलहाल कोई जानकारी साझा नहीं की है। दोनों हमेशा से अपनी निजी जिंदगी को लाइमलाइट से दूर रखने के लिए जाने जाते रहे हैं।




# ओशन्स 11 गैंग की 19 साल बाद वापसी

**लॉस एंजिल्स।** 'ओशन्स' फिल्म फ्रेंचाइजी के फैंस के लिए खुशखबरी है। जॉर्ज क्लूनी ने खुलासा किया है कि वह सीरीज की चौथी फिल्म की तैयारी में हैं। एक बार फिर से ब्रैड पिट, मैट डेमन और जूलिया रॉबर्ट्स संग बाकी टीम लौटेगी। उन्होंने फिल्म के प्लॉट को लेकर भी हिंट दिया है। जॉर्ज क्लूनी, ब्रैड पिट, मैट डेमन, जूलिया रॉबर्ट्स जैसे दिग्गज सितारों से सजी 'ओशन सीरीज' की तीनों फिल्में आज करीब दो दशक बाद भी दर्शकों की फेवरेट हैं। साल 2001 में आई 'ओशन्स 11', 2004 में रिलीज ओशन्स 12 और 2007 में आई ओशन्स 13', वो फिल्में साबित हुईं, जिन्होंने बड़े पर्दे हाइस्ट जॉनर को पॉपुलर बनाया। इन फिल्मों का असर सिर्फ हॉलीवुड में ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में हुआ। आज भी दुनिया के किसी कोने में 'हाइस्ट' यानी लूट पर कोई फिल्म या सीरीज बनती है, तो उसमें 'ओशन सीरीज' का असर दिखता है। खुशखबरी यह है कि अब सुपरस्टार्स की फौज और शानदार चोरियों का दौर फिर से लौट रहा है। जी हां, फिल्म में लुटेरों की टीम के लीडर डैनी ओशन का किरदार निभाने वाले जॉर्ज क्लूनी ने इस ओर इशारा किया है।



# अक्षय के साथ पहली बार स्क्रीन साझा करेंगी रानी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार की फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड' की नई फिल्म को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्षय पहली बार रानी मुखर्जी के साथ काम करने जा रहे हैं। बॉलीवुड की चर्चित फ्रेंचाइजी 'ओह माई गॉड'एक बार फिर बड़े स्तर पर वापसी करने की तैयारी में है। फ्रेंचाइजी की नई फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच पहले से ही उत्सुकता बनी हुई थी और अब इस प्रोजेक्ट से जुड़ी एक बड़ी जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार के साथ रानी मुखर्जी मुख्य भूमिका में नजर आ सकती हैं। अगर यह खबर पुख्ता होती है, तो यह दोनों कलाकारों की पहली ऑन-स्क्रीन जोड़ी होगी, जिसे लेकर फिल्म इंडस्ट्री में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि 'ओह माई गॉड' इस समय प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है और फिल्म की शूटिंग 2026 के मई से शुरू होने की योजना है।



# 40 की उम्र में फिर प्यार में पड़ीं कीर्ति

**मुंबई।** नए साल के मौके पर 1 जनवरी की देर रात कीर्ति कुल्हारी ने अपने फैंस को नए साल की शुभकामनाएं देते हुए अपने रिलेशनशिप को ओपेन किया है। एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक रील शेयर की है, जिसमें कई अलग-अलग फोटोज हैं। इन फोटोज में कीर्ति कुल्हारी अभिनेता राजीव सिद्धार्थ के साथ नजर आ रही हैं। इस रील में राजीव और कीर्ति की कई रोमांटिक तस्वीरें भी हैं। इस रील के साथ ही कीर्ति ने राजीव सिद्धार्थ के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक कर दिया है। कीर्ति ने अपनी पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। सभी को 2026 मुबारक हो।'आजकल किसी भी रिलेशनशिप के सामने आते ही पार्टनर्स के बीच उम्र का फासला जानने के लिए भी फैंस उत्साहित रहते हैं। इसी तरह राजीव सिद्धार्थ और कीर्ति कुल्हारी के बीच के उम्र के फासले को लेकर भी फैंस उत्साहित हैं।

## टीवी मसाला



# शार्क टैंक इंडिया सीजन 5 में दिखेंगे नए आइडियाज

**नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर मचअवेटेड स्टार्टअप्स शो 'शार्क टैंक इंडिया' सीजन 5 एक बार फिर सोनी टीवी पर वापसी कर रहा है। शो से जुड़े कई प्रोमो सामने आए हैं, जिसमें नए उद्यमियों को अपना आइडिया जजों के सामने पेश करते हुए दिखाया गया है। शो का पहला सीजन साल 2021 में आया था, जिसमें 700 से ज्यादा नई डील्स को लॉक किया गया था, लेकिन अब पांचवें सीजन के साथ 6 नए जज और नए आइडिया शो में दिखने वाले हैं। ये शार्क्स न सिर्फ स्टार्टअप्स में निवेश करेंगे, बल्कि उद्यमियों को मेंटरशिप और स्ट्रैटेजिक गाइडेंस भी देंगे। सीजन 5 का प्रीमियर 5 जनवरी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर होगा और इसे सोनी लिव ऐप पर स्ट्रीम किया जा सकेगा। शो का फॉर्मेट वही रहेगा। जहां कई राउंड्स की स्क्रीनिंग के बाद चुनिंदा स्टार्टअप्स को शार्क्स के सामने पिच करने का मौका मिलेगा। सीजन पांच में पुराने जज विराज बहल, कुणाल बहल, अमित जैन, रितेश अग्रवाल, पीयूष बंसल, नमिता थापर, अमन गुप्ता, विनिता सिंह और अनुपम मित्तल भी दिखेंगे. इनके साथ शैली मेहरोत्रा (सीईओ, फिक्सडर्मा इंडिया), हार्दिक कोठिया (रेजॉन सोलर के संस्थापक और प्रबंध निदेशक), मोहित यादव (मिनिमलिस्ट के सह-संस्थापक) वरुण अलघ (होनासा कंज्यूमर लिमिटेड के सीईओ और सह-संस्थापक), कनिका टेकरीवाल (जेटसेटगो एविएशन की संस्थापक) और प्रथम मित्तल (मास्टर्स यूनियन और टेट्रा के संस्थापक) 'शार्क टैंक इंडिया' के नए शार्क्स होंगे।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा अव्वल

**नई दिल्ली।** नए साल की शुरुआत में यानी शुक्रवार को 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट जारी की गई। पिछले साल जुलाई महीने में स्मृति ईरानी स्टारर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ने टीवी पर पच्चीस साल बाद वापसी की। यह सीरियल पहले हफ्ते से ही टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में जगह बनाने में कामयाब रहा, साथ ही इसने बचे हुए साल में भी टॉप 5 में अपने लिए जगह बनाए रखी। 51वें हफ्ते में यह सीरियल अव्वल रहा, इसे 2.2 की टीआरपी मिली है। इसकी वजह है कि सीरियल में इन दिनों बहुत ट्विस्ट आ रहे हैं। लीड कैरेक्टर तुलसी और मिहिर एक-दूसरे से दूर हो चुके हैं। 51वें हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में रुपाली गांगुली के सीरियल 'अनुपमा'को दूसरा स्थान मिला है। इसकी टीआरपी 2.1 रही है। जबकि पिछले साल यह सीरियल हर हफ्ते टॉप पर बना रहा, कभी-कभी ही ऐसा हुआ कि यह खिसककर नीचे आया हो। साल के आखिरी हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप 5 में कई और सीरियल्स ने जगह बनाई है। इसमें उड़ने की आशा और तुम से तुम तक को 1.9 की टीआरपी मिली है। यह सीरियल एक-दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।



# द्रौपदी 2 दिखाएगी दक्षिण भारत के 14वीं सदी का इतिहास

**मुंबई।** 'द्रौपदी 2' को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। यह फिल्म दक्षिण भारत के 14वीं सदी के इतिहास को दिखाएगी। ऑरिजनली तमिल में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 23 जनवरी को रिलीज होनी है। इसी दिन सनी देओल, वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ स्टारर 'बॉर्डर 2' भी रिलीज होगी। तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में ऐतिहासिक विषयों पर बनने वाली फिल्मों में हमेशा से दर्शकों की खास दिलचस्पी मिलती रही है। जब ऐसी फिल्मों में इतिहास, वीरता, संस्कृति और सामाजिक संघर्ष की झलक मिलती है, तो दर्शक उनसे खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हैं। 'द्रौपदी 2' 14वीं सदी के उस दौर को दिखाएगी, जिसे इतिहास का एक अंधकारमय और उथल-पुथल भरा समय माना जाता है।' यह फिल्म दक्षिण भारत के इतिहास को बड़े पर्दे पर जीवंत रूप में पेश करेगी और इसी महीने सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले खबर थी कि फिल्म निर्माता इसे 23 जनवरी 2026 को रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन सेंसर सर्टिफिकेट मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है कि फिल्म जल्द ही दर्शकों के सामने होगी। 'द्रौपदी 2' का निर्माण चोला चक्रवर्ती ने नेटाजी प्रोडक्शन्स के बैनर तले किया है। फिल्म को लेकर दर्शकों और फिल्म इंडस्ट्री के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है।



# बैंड बाजा बारात फिर से हो रही रिलीज



**मुंबई।** इन दिनों री-रिलीज फिल्मों का ट्रेंड जोर पकड़ रहा है और अब इस कड़ी में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट रोमांटिक फिल्म 'बैंड बाजा बारात'का नाम भी जुड़ गया है। ये फिल्म एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में लौट रही है। इस फिल्म ने न सिर्फ रणवीर सिंह को बॉलीवुड में पहचान दिलाई थी, बल्कि अनुष्का के साथ उनकी जोड़ी को भी काफी पसंद किया गया था। साल 2010 में रिलीज हुई यह फिल्म अब करीब 16 साल बाद फिर से थिएटर्स में दिखाई जाएगी। मेकर्स ने इसकी री-रिलीज डेट 16 जनवरी 2026 तय की है। इस खबर के सामने आते ही फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। खासकर उन दर्शकों के लिए यह एक खास मौका है, जिन्होंने पहली बार इस फिल्म को बड़े पर्दे पर देखा था या जो नई पीढ़ी के दर्शक हैं।'बैंड बाजा बारात' की कहानी दो युवा और महत्वाकांक्षी लोगों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिल्ली की चकाचौंध भरी शादी इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने निकलते हैं। फिल्म में दोस्ती, प्यार, महत्वाकांक्षा और टकराव को बेहद हल्के-फुल्के लेकिन असरदार तरीके से दिखाया गया है। यही वजह है कि फिल्म आज भी दर्शकों को उतनी ही ताजा लगती है, जितनी अपनी पहली रिलीज के समय लगी थी। रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की जोड़ी को इस फिल्म से जबरदस्त लोकप्रियता मिली थी। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री, डायलॉग्स और किरदारों की सादगी ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

# महाकाली में शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे अक्षय



**मुंबई।** धुरंधर में रहमान डकैत की भूमिका से चर्चाएं बटोरने वाले अक्षय खन्ना इन दिनों आरोपों को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, इस बीच अक्षय खन्ना की अगली फिल्म महाकाली से उनकी बीटीएस तस्वीर सामने आई है। इनमें अक्षय खन्ना भी नजर आ रहे हैं। पूजा कोल्लुरु ने जो तस्वीरें साझा की हैं, उनमें 'महाकाली'के सेट से अक्षय खन्ना के साथ एक सेल्फी भी शामिल है। इसके अलावा पूजा ने 2025 के अपने सफर की कई और तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें सेट की भी कुछ और तस्वीरें हैं। महाकाली से अक्षय खन्ना तेलुगु सिनेमा में अपना डेब्यू कर रहे हैं। महाकाली प्रशांत वर्मा सिनेमाटिक यूनिवर्स की अगली कड़ी है। फिल्म में अक्षय खन्ना गुरु शुक्राचार्य की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म से उनका फर्स्ट लुक सामने आया था, जिसमें उन्हें पहचानना बिल्कुल मुश्किल हो रहा था। इस लुक के सामने आने के बाद से ही फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। महाकाली में भूमि शेट्टी महाकाली के मुख्य किरदार में नजर आएंगी। अक्षय खन्ना के शामिल होने से फिल्म की और भी चर्चा हो रही है। आदित्य धर द्वारा निर्देशित धुरंधर में अक्षय खन्ना ने बलोच नेता और अंडरवर्ल्ड डॉन रहमान डकैत की भूमिका निभाई है। इस किरदार में अभिनय के लिए अक्षय खन्ना की जमकर प्रशंसा हो रही है। सबसे ज्यादा वायरल उनका डांस स्टेप हुआ है, जिसे लोग काफी कॉपी कर रहे हैं।

## कोर्टरूम ड्रामा से लेकर एक्शन और रोमांस तक

# इस वीकेंड घर बैठकर देखिए अलग-अलग प्रकार की फिल्में और सीरीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नए साल का आगाज हो चुका है। नए साल के पहले दिन सिनेमाघरों में अगस्त्य नंदा की 'इक्कीस' रिलीज हुई है। इसे दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। वहीं, दूसरी ओर नए साल के पहले हफ्ते में ओटीटी पर भी कई फिल्में व सीरीज आ रहे हैं और कुछ आ चुके हैं। जिन्हें आप घर बैठे ही देख सकते हैं और नए साल का आनंद ले सकते हैं।

### हक

इमरान हाशमी और यामी गौतम की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'हक' सिनेमाघरों के बाद अब ओटीटी पर भी रिलीज हो चुकी है। फिल्म आज यानी 2 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। शाह बानो केस पर आधारित 'हक' को क्रिटिक्स ने सराहा था, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### ब्यूटी

तेलुगु रोमांटिक थ्रिलर 'ब्यूटी' एक लड़की के प्रेम में पड़ने के बाद अपने घर से भाग जाने और माता-पिता के उसे ढूंढने की कहानी है। इमोशनल पारिवारिक ड्रामा और शॉकिंग ट्विस्ट से भरी यह फिल्म 2 जनवरी से ओटीटी के प्लेटफॉर्म जी5 पर मौजूद है।



### रन अवे

ब्रिटिश थ्रिलर वेब सीरीज 'रन अवे' भी 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इसमें जेम्स नेसबिट, एली डी लैंग, रुथ जोनस और अल्फ्रेड एनोच समेत कई कलाकार दिखाई देंगे।

### कुमकी 2

तमिल फिल्म 'कुमकी 2' शनिवार 3 जनवरी से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर मौजूद रहेगी। इस फिल्म की कहानी भूमि और उसके हाथी नीला के बीच गहरे बॉन्ड पर आधारित है। बचपन में भूमि की मां द्वारा चुपके से हाथी को बेच दिए जाने के बाद, बड़े होकर भूमि अपने साथी को खोजने के लिए एक मिशन पर निकल पड़ता है।



### स्ट्रेंजर थिंग्स 5 फाइनल एपिसोड

नेटफ्लिक्स की सबसे लोकप्रिय सीरीज 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के पांचवे सीजन का आखिरी एपिसोड भी आ चुका है। 1 जनवरी से यह फाइनल एपिसोड नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रहा है।

### एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट

क्रिकेट पर आधारित स्पोर्ट ड्रामा सीरीज 'एलबीडब्ल्यू: लव बियॉन्ड विकेट' रंगन की कहानी है, जो एक होनहार खिलाड़ी रह चुका है। लेकिन, कॅरियर में ज्यादा सफलता न मिलने पर अब कोच बन गया है। सीरीज आत्मसम्मान के लिए रंगन के संघर्ष और खिलाड़ियों के इमोशनल संघर्षों को दिखाती है। यह सीरीज 1 जनवरी से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम कर रही है।

### लव फ्रॉम 9 टू 5

ऑफिस रोमांटिक-कॉमेडी सीरीज 'लव फ्रॉम 9 टू 5' 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर मौजूद है। इस सीरीज में ऑफिस पॉलिटिक्स से लेकर सहकर्मियों के बीच के रिलेशन तक को दिखाया गया है।

### माई कोरियन बॉयफ्रेंड

'माई कोरियन बॉयफ्रेंड' एक डॉक्यूमेंट्री सीरीज है, जो 1 जनवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर रही है। सियोल में 22 दिनों में फिल्माई गई यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज, प्यार के अलग-अलग पड़ावों पर हर जोड़े की कहानी बयां करती है।

## शिक्षा विभाग के सहयोग से 6 से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# छात्रों को निपुण बनाने के लिए प्राथमिक शिक्षकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण : बाना

- कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने पर दिए जाएंगे सुझाव
- कार्यशाला में अपने टैबलेट और पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ शामिल होंगे शिक्षक, प्रतिभागियों को मिलेगा प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज:सोनीपत






सोनीपत। सेक्टर-14 स्थित जिला शिक्षा विभाग का कार्यालय तथा कार्यालय में खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक करती जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना।

शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को निपुण बनाने व राजकीय विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में और सुधार लाने के लिए प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से जिलाभर में खंड स्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों में शैक्षणिक स्तर को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को सुझाव दिए जाएंगे। निदेशालय की ओर से शिक्षा विभाग के सहयोग से 6 जनवरी से दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन होगा। बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान (एफएलएन) के जिला समन्वयक मनोज वर्मा ने बताया कि निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिलाभर के राजकीय विद्यालयों में सितंबर व दिसंबर माह में हिंदी व गणित विषय पर आकलन (सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट) का आयोजन किया गया था। इसके परिणामस्वरूप अब सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के शैक्षिणक स्तर में सुधार लाना है। अब दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर प्राथमिक शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ताकि राजकीय विद्यालयों के छात्रों को निपुण बनाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान कार्यशाला में परियोजना व स्मार्ट स्क्रीन, रिकॉर्डिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। कार्यशाला के दौरान विभाग के उच्च अधिकारी भी कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला से जुड़ेंगे। प्रशिक्षण कार्यशाला का समय सुबह साढ़े 9 बजे से साढ़े 4 बजे तक रहेगा। जिसमें सभी शिक्षकों का मौजूद रहना अनिवार्य रहेगा। निपुण हरियाणा एप के माध्यम से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी भी लगाई लाएगी। दोनों दिन कार्यशाला पूर्ण होने के पश्चात प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रशिक्षण के पश्चात प्रबंधकों को सभी शिक्षकों के प्रमाणपत्र जांच करने के निर्देश दिए गए हैं।

### कार्यशाला लगेगी

जिलाभर के सभी प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में शिक्षकों को संबंधित प्रशिक्षण देकर विद्यालय में शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए जाएंगे। कार्यशाला का उद्देश्य न केवल विद्यार्थियों की शैक्षिक स्थिति में सुधार लाना है, बल्कि शिक्षकों की शिक्षण पद्धति को और प्रभावी बनाना है।

**-रचना बाना, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।**

### उच्च अधिकारियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी करेंगे निरीक्षण

जिला शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित होने वाली दो दिवसीय कार्यशाला का राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के अधिकारियों के साथ जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, डायट प्राचार्य, खंड शिक्षा अधिकारी, एफएलएन के जिला समन्वयक, बीआरसी, संबंधित विद्यालयों के प्राचार्य कार्यशाला का निरीक्षण कर जायजा लेंगे। साथ ही कार्यशाला में शिक्षकों की सहभागिता, प्रशिक्षण सामग्री, मूल्यांकन पर नजर रखेंगे। इसकी रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय को भेजी जाएगी। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान अपनी टैबलेट व कक्षा पहली से तीसरी तक पाठ्यक्रम की पुस्तकों के साथ शामिल होना होगा। इस पाठ्यक्रम को प्रशिक्षण में शामिल किया जाएगा।




गोहाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

# निजीकरण से गरीबों के बच्चे शिक्षा से हो रहे वंचित: नैन

- हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में संगोष्ठी आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ की जिला सोनीपत इकाई के जिला अध्यक्ष नरेंद्र चहल ने की और संचालन जिला सचिव दिनेश छिक्कारा व कोषाध्यक्ष रोहताश गंगाना ने किया। मुख्य वक्ता सर्व कर्मचारी संघ के महासचिव कृष्ण नैन ने अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शिक्षा का निजीकरण करने पर उतारू है। इससे शिक्षा गरीबों से महंगी होकर बहुत दूर जा रही है। सरकार सरकारी कर्मचारियों के हितों पर हमले कर रही है जिसे संघ बर्दाश्त नहीं करेगा। सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे को बचाने के लिए सभी अध्यापकों के साथ-साथ आमजन को भी इस लड़ाई में आगे आना होगा। सीटू नेता सुनील दत्त ने कहा कि कर्मचारियों को सांगठनिक रूप से लामबंद होकर सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने के लिए आगे आना चाहिए। सर्व कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष देशराज नैन, गोहाना खंड के अध्यक्ष सुरेश यादव, मुंडलाना खंड अध्यक्ष अनीता देवी, अध्यापक संघ के राज्य सचिव जोगेंद्र सिंह ने भी सावित्रीबाई फुले के संघर्षों के बारे में विस्तार से चर्चा की और उनके दिखाएं मार्ग पर नारी शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सहदेव सांगवान, सुरेंद्र सिंह, राजा भैया, सुरेंद्र पाल, रोहताश चहल, रमेश शास्त्री और राजेश दुग्गल उपस्थित रहे।

## विश्व ब्रेल दिवस मनाया जाएगा कल : डॉ भाटिया

**खरखौदा।** सेवानिवृत नेत्र सर्जन डॉ एस पी एस भाटिया ने बताया कि 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि विश्व ब्रेल दिवस प्रतिवर्ष 4 जनवरी को मनाया जाता है, जो ब्रेल लिपि के आविष्कारक लुई ब्रेल का जन्मदिन है। यह दिवस मुख्य रूप से दृष्टिबाधितों के लिए पहुंच और समावेशन का उत्सव रहा है। जिसमें समावेशी शिक्षा और डिजिटल पहुंच पर जोर दिया जाता है, ताकि सभी को ज्ञान और अवसरों तक समान पहुंच मिल सके। हर व्यक्ति. ब्रेल लिपि के माध्यम से स्वतंत्रता मिल सके। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य दृष्टिबाधित व्यक्तियों के अधिकारों और ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना। विश्व ब्रेल दिवस ब्रेल लिपि को एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में मनाने पर केंद्रित होता है जो सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर किसी ब्लाइंड स्कूल में शिविर लगाया जायेगा।



गोहाना। किसानों को किसान आईडी संबंधी जानकारी देते हुए एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा। फोटो : हरिभूमि

### योजनाओं के लाभ के लिए किसान आईडी जरूरी : डॉ. मेहरा

**गोहाना।** एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत शुक्रवार को खंड कथूरा के गांव मदीना में एक विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्राकृतिक खेती के अंतर्गत चयनित कलस्टर डेमो स्टेशन से जुड़े किसानों को आमंत्रित कर उनका एग्री स्टैक योजना में पंजीकरण किया गया। शिविर की अध्यक्षता बीएओ डॉ. संजीत मलिक ने की। मुख्य वक्ता कृषि एवं किसान कल्याण विभाग गोहाना के एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा के अनुसार किसान आईडी को एग्रीस्टैक नाम दिया गया है। आईडी बनाने के लिए विभाग द्वारा गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं। यह आईडी एक डिजीटल कृषि इको सिस्टम है जो किसान का समग्र डाटाबेस तैयार करता है। इसमें किसान की पहचान, भूमि रिकार्ड, फसल विवरण, ऋण और बीमा इतिहास जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां शामिल होंगी और किसान को एक यूनिट आईडी मिलेगी। एसडीओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेहरा ने किसानों को बताया कि किसान आईडी बनवाना आवश्यक है। भविष्य में इसी आईडी के माध्यम से पीएम किसान, फसल बीमा, कृषि ऋण, सब्सिडी और अन्य सरकारी योजनाओं जैसे सभी लाभ किसान को सीधे उसके बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। इससे बिचौलियों की भूमिका खत्म होगी और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी।

# विधायक निखिल मदान ने शिवा शिक्षा सदन में की शिष्टाचार भेंट

**संस्थान के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल से मुलाकात, ई-मैगजीन ई-शिवांजलि 2026 का लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। विधायक निखिल मदान का स्वागत करते हुए शिवा शिक्षा सदन के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत में विधायक निखिल मदान ने शिवा शिक्षा सदन पहुंचकर शिष्टाचार भेंट की और संस्थान के प्रबंधक वीरेंद्र बंसल से मुलाकात की। इस दौरान विद्यालय परिसर में एक औपचारिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संस्थान प्रबंधन और शिक्षकों की मौजूदगी रही। मुलाकात के दौरान संस्थान की शैक्षिक गतिविधियों, अनुशासन व्यवस्था और वर्तमान सत्र की उपलब्धियों पर चर्चा हुई।

प्रबंधन की ओर से निदेशक अरुण बंसल ने विधायक निखिल मदान का स्वागत किया। संस्था द्वारा पौधारोपण और स्मृति चिह्न भेंट कर औपचारिक आतिथ्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि शिवा शिक्षा सदन अपनी स्थापना के 51 वर्ष पूरे कर चुका है और इस अवधि में विद्यालय ने शिक्षा, अनुशासन और सांस्कृतिक गतिविधियों पर आधारित कार्य योजनाएं संचालित की हैं। स्वर्ण जयंती के बाद संस्था ने आगामी वर्षों के लिए नए शैक्षिक लक्ष्य निर्धारित किए हैं। कार्यक्रम में गोल्डन एडिशन ई-मैगजीन ई-शिवांजलि 2026 का लोकार्पण भी किया गया।

इस संस्करण में विद्यालय की गतिविधियों, छात्रों और शिक्षकों की उपलब्धियों तथा वार्षिक कार्यक्रमों का संकलन प्रस्तुत किया गया है। ई-मैगजीन का उद्देश्य संस्थान में हो रहे शैक्षिक कार्यों का अभिलेखीकरण व दस्तावेजीकरण करना बताया गया। विधायक निखिल मदान ने संस्थान द्वारा संचालित शैक्षिक प्रयासों की जानकारी ली और भविष्य में बेहतर शैक्षिक वातावरण बनाए रखने की आवश्यकता पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में संस्थान प्रतिनिधियों और विधायक के बीच अनौपचारिक संवाद हुआ।

## खबर संक्षेप



### जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को किया नोडल अधिकारी नियुक्त

**सोनीपत।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से चलाए गए विशेष जन-जागरूकता अभियान मिडेएशन फॉर द नेशन के तहत उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों की बैठक ली। न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को कम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मिडेएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। उपायुक्त ने जिला के सभी थाना अध्यक्षों से कहा कि आपसी सामान्य विवाद, पारिवारिक विवादो को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से हल करने के लिए जिला में स्थापित मध्यस्थता केंद्र पर भेजना चाहिए। ताकि न्यायिक व्यवस्था पर बढ़ते दबाव को कम किया जा सके। जिला के गांव महलाना में पहला मध्यस्थता केंद्र स्थापित किया गया है। मुख्य दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि मेडिएशन फॉर नेशन के तहत जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।



### ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में कार्यशाला

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में शुक्रवार को कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। जिनके साथ ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी के प्रबंधक नीरज शर्मा, निदेशक रीमा शर्मा, प्रधानाचार्या चंचल शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर नीरज शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि अनुभवात्मक शिक्षा छात्रों को उनके कार्यों और उनकी विचार प्रक्रियाओं, और यहां तक कि उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाओं की जांच करना सिखाती है। यह आंतरिक प्रतिबिंब छात्रों को कार्यस्थल के लिए तैयार करता है और उन्हें प्रमुख जीवन विकल्प बनाने, उनके व्यक्तिगत संबंधों को बेहतर बनाने और उनकी भावनात्मक जरूरतों को पूरा करने में मदद करता है। अतः प्रत्येक शिक्षक के लिए इसका उद्धेश्य समझना आवश्यक है। कार्यशाला में मुख्य वक्ता अरुणिमा अग्रवाल, नीलम साधा व विजया शेट्टी रहे। कार्यशाला में छात्रों को उनके अनुभव द्वारा सिखाने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई। प्रायोगिक ज्ञान एक शिक्षा प्रक्रिया है जिसमे अनुभव के माध्यम से शिक्षित किया जाता है। यह एक सक्रिय प्रक्रिया है जिसके लिए पूर्ण जुड़ाव की आवश्यकता होती है। यह एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहां शिक्षार्थी संलग्न हो सकता है, फिर विश्लेषण कर सकता है और बाद में अपने कार्यों पर विचार कर सकता है।



### क्षमता निर्माण कार्यशाला में शिक्षकों ने लिया हिस्सा

**सोनीपत।** साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, मुरथल में शुक्रवार को जीवन कौशल (मूलभूत) पर एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्धेश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षकों को जीवन कौशल आधारित शिक्षण के लिए सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल, साउथ पॉइंट पब्लिक स्कूल तथा गोल्डन हैरियर स्कूल के कुल 60 शिक्षकों ने सक्रिय सहभागिता की, जिससे संस्थानों के बीच सहयोग और साझा सीख को बल मिला। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन श्रीजी इंटरनेशनल स्कूल से निधि और नवयुग पब्लिक स्कूल से तन्वी गुप्ता रहीं, जिन्होंने आत्म-जागरूकता, प्रभावी संचार, निर्णय-निर्माण, समस्या समाधान, सहानुभूति और भावनात्मक नियंत्रण जैसे मूलभूत जीवन कौशलों पर विस्तार से प्रकाश डाला। सत्रों के दौरान लक्ष्य निर्धारण अभ्यास, भूमिका-नकल, समूह चर्चा और कक्षा आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए उपयुक्त शिक्षण रणनीतियों का अभ्यास किया। प्रतिभागियों को पाठ योजना टेम्पलेट, गतिविधि वर्कशीट और मूल्यांकन रूब्रिक भी उपलब्ध कराए गए।

# स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर का जीवन और बलिदान देशवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत




सोनीपत। चौक का उद्घाटन करते हुए विधायक मदान साथ में मेयर राजीव जैन।

जाहरी चौक स्थित अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक का अनावरण द स्प्रिंग एरा पब्लिक स्कूल (ग्राम ठरू, उल्देपुर) की ओर से किया गया। यह शुभ अनावरण विद्यालय के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक निखिल मदान तथा मेयर राजीव जैन द्वारा चौक का लोकार्पण किया गया। शहीद चंद्रशेखर आजाद चौक के निर्माण, रख-रखाव एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी द स्प्रिंग ऐरा स्कूल द्वारा ली गई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद का जीवन और बलिदान समस्त देशवासियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। चंद्रशेखर आजाद एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उनका जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा गांव में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा वाराणसी के काशी विद्यापीठ से प्राप्त की और जल्द ही स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल हो गए। चंद्रशेखर आजाद ने भगत सिंह और राजगुरु के साथ मिलकर कई क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया।

# अतिक्रमण से आमजन को करना पड़ रहा भारी दिक्कतों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर



गन्नौर। पंजाबी मार्केट में अतिक्रमण के कारण भीड़ से निकलने का प्रयास करते वाहन चालक।

शहर की पंजाबी मार्केट में दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्केट की अधिकतर दुकानों के बाहर सामान रख दिए जाने से पैदल चलने वालों के लिए रास्ता संकरा हो गया है। स्थिति यह है कि लोगों का पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है, वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी बार-बार जाम जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि दुकानदारों ने अपनी दुकानों की सीमा से बाहर तक सामान फैला रखा है, जिससे सड़क दोनों अवरुद्ध हो गए हैं। कई बार आपात स्थिति में एंबुलेंस या दमकल वाहन के निकलने में भी बाधा उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो हादसे की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन से सख्ती से नियम लागू करने की अपील की है।

**थाना प्रभारी ने दी हिदायत**

गन्नौर थाना प्रभारी धीरज कुमार ने नगरपालिका अधिकारियों के साथ शहर के बाजार में दौरा किया और अतिक्रमण करने वालों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने चेतावनी दी कि अगली बार अतिक्रमण हुआ मिला तो सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मौसम** शीतलहर का सितम जारी और तापमान गिरने से जनजीवन प्रभावित

# बादलों की ओट में छिपे सूर्यदेव और ठिठुरन ने बढ़ाई परेशानियां

**लगातार आ रहे बदलाव के बीच शुक्रवार का दिन भारी ठिठुरन भरा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



सोनीपत। दिन के समय बादलों के कारण हलकी रोशनी में चलते वाहन।

जिले में मौसम के मिजाज में लगातार आ रहे बदलाव के बीच शुक्रवार का दिन भारी ठिठुरन भरा रहा। हालांकि आसमान में दिनभर बादलों का डेरा रहने के कारण लोगों को घने कोहरे से थोड़ी राहत तो मिली लेकिन कड़कड़ाती ठंड ने लोगों को घरों में दुबकने पर मजबूर कर दिया। सूर्यदेव के दर्शन न होने और सर्द हवाओं के चलने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार सोनीपत के सरगथल केंद्र में न्यूनतम तापमान 8.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया जिससे रात के समय ठंड का प्रकोप और अधिक बढ़ गया है।

दिनभर आसमान में बादलों की आवाजाही के कारण धूप की तपिश महसूस नहीं की जा सकी। शीतकालीन मौसम में बादलों की मौजूदगी ने सूर्य की किरणों को धरती तक पहुंचने से रोक दिया जिससे अधिकतम तापमान कम ही बना रहा। जिले का अधिकतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दूसारी ओर पांच किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली मंद लेकिन ठंडी हवाओं ने लोगों की कंपकंपी छुड़ाए रखी। वहीं प्रदूषण के मामले में हल्का सुधार दर्ज किया गया है। जिसकी वजह से आंशिक राहत लोगों को मिल पाई है।

### आने वाले दिनों में और गिरेगा पारा

कृषि विज्ञान केंद्र जगदीशपुर के वैज्ञानिक डॉ. प्रेमदीप के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों में ठंड का यह दौर जारी रहने की संभावना है। यदि आसमान साफ होता है तो कोहरे का प्रकोप फिर से बढ़ सकता है और यदि बादलों की स्थिति बनी रहती है तो धूप के अभाव में दिन का तापमान सामान्य से नीचे ही रहेगा।

### सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट में राहुल ने जीता गोल्ड

**गोहाना।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में सम्पन्न 19वीं सब जूनियर सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट में गांव मदीना की नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी राहुल मलिक ने प्रथम स्थान हासिल करके स्वर्ण पदक जीत लिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से अकादमी में खुशी का माहौल है। इस खुशी में शुक्रवार को राहुल मलिक का अकादमी में सम्मान प्रकट किया गया। 27 से 23 दिसंबर तक उड़ीसा के भुवनेश्वर में 19वीं सब जूनियर सॉफ्ट टेनिस टूर्नामेंट आयोजित की गई। इस टूर्नामेंट में हरियाणा की टीम ने उत्तरप्रदेश की टीम को पराजित करके ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। हरियाणा की टीम का प्रतिनिधित्व खिलाड़ी राहुल मलिक और उनके सहयोगी यौरव ने किया। इन दोनों खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं स्वर्ण पदक प्रदान करके सम्मानित किया गया। स्पोर्टस अकादमी लौटने पर संचालक पहलवान अजमेर मलिक, डॉ. विक्रम मलिक, कोच दीपिका, अभिभावक राजेश मलिक व संस्था के खिलाड़ियों ने राहुल मलिक को सम्मानित किया।

**खबर संक्षेप**

## रंजिश के चलते हमला छह पर मामला दर्ज

**सोनीपत।** गांव लिवासपुर में रंजिश के चलते ग्रामीण पर हमला कर दिया। पीड़ित के बयान पर छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। गांव लिवासपुर निवासी कृष्ण कुमार ने बहालगढ़ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है कि उनकी पुत्रवधू ने बेटे को जन्म दिया है। वह खुशी में देर शाम अपनी स्कॉर्पियो गाड़ी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव की सडक़ पर आरोपियों ने अपनी बोलेरो गाड़ी उनके आगे अड़ा कर रास्ता रोक लिया। वह उनसे बचकर घर पहुंचे और नीचे उतरे तो पीछे से आरोपियों ने लाठियों से हमला कर दिया। हमलावरों ने सिर पर लाठी से वार किए। बचाव में उन्होंने हाथ अड़ाए तो दोनों हाथों में चोटें आई, जबकि सिर में गहरी चोट लगी।

## दो दोस्तों पर कुल्हाड़ी व डंडों से हमला

**सोनीपत।** गांव खेड़ी दहिया में पुरानी रंजिश के चलते दो दोस्तों पर कुल्हाड़ी व डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में दोनों युवक घायल हो गए। दोनों को नागरिक अस्झपताल में ले जाया गया, जहां से परिजन निजी अस्पताल में ले गए। पुलिस ने घायल के बयानदर्ज कर ली है। गांव खेड़ी दहिया निवासी दीपांशु ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह स्नातक के छात्र है। उनकी गांव के हिमांशु के साथ पुरानी कहासुनी है। फरवरी 2025 में उनका झगड़ा हुआ था, जिसे पंचायती तौर पर सुलझा लिया गया था। उसके बाद भी वह रंजिश रखे हुए थे।

### यमुना नदी के पुनरोद्धार को लेकर प्रशासन ने अपनाया सख्त रुख

# यमुना की स्वच्छता में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर गिरेगी गाज

हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव ने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी कि यदि प्रदूषण निवारण कार्यों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी



**सोनीपत।** बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के अभियान में अब किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव योगेश कुमार ने जिला स्तरीय स्पेशल टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में कड़े तेवर दिखाते हुए स्पष्ट किया कि पर्यावरण संरक्षण सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को दो टूक चेतावनी दी कि यदि प्रदूषण निवारण कार्यों में लापरवाही पाई गई तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बैठक के दौरान अनुपस्थित रहे विभागों के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए।

सदस्य सचिव ने औद्योगिक क्षेत्रों में होने वाली अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए तकनीक के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने जिले के सभी औद्योगिक क्षेत्रों के संपत्ति प्रबंधकों को सख्त आदेश दिए कि एक सप्ताह के भीतर सभी प्रवेश और निकास द्वारों पर बीएनआर आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

इन कैमरों की निगरानी के लिए प्रत्येक औद्योगिक क्षेत्र में एक समर्पित नियंत्रण कक्ष स्थापित किया जाएगा जिसमें 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती रहेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक कचरे के अवैध निस्तारण और संदिग्ध टैंकरों की आवाजाही पर पूर्ण विराम लगाना है। बैठक में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रचेता सिंह, सीटीएम डा. अनमोल, एसीपी राजपाल सिंह, एसई एचएसपीसीबी जेपी सिंह, तकनीकी सलाहकार बाबूराम, आरओ अजय सिंह, डीडीपीओ मनीष मलिक, डीटीपी अजमेर सिंह सहित विभिन्न विभागों के एक्सईएन और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**रिपोर्टिंग के लिए एक सप्ताह का समय**

*बैठक के अंत में सदस्य सचिव ने सभी विभागीय अधिकारियों को जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगले सात दिनों के भीतर किए गए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट फोटो और वीडियो साक्ष्य के साथ बोर्ड को भेजनी होगी। इसके पश्चात उन्होंने औद्योगिक संघों के प्रतिनिधियों के साथ भी संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनकर उचित समाधान का आश्वासन दिया। प्रशासन की इस सख्ती से अब उन इकाइयों और अधिकारियों में हड़कंप है जो अब तक पर्यावरण नियमों की अनदेखी कर रहे थे।*

**अवैध टैंकरों और अतिक्रमण पर पुलिस की पैनी नजर**

बैठक में अवैध टैंकरों के माध्यम से फैलाए जा रहे प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की गई। योगेश कुमार ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर ऐसे टैंकरों को पकड़ा जाए और उनके भारी चालान किए जाएं। बार-बार नियमों का उल्लंघन करने वाले टैंकर संचालकों को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। इसके अतिरिक्त औद्योगिक क्षेत्रों में अनधिकृत रूप से बनाए गए प्रवेश द्वारों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया गया है ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

**लकड़ी के उपयोग और कचरा प्रबंधन पर जीरो टॉलरेंस**

एनसीआर क्षेत्र में वायु गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए लकड़ी जलाने पर लगे प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए। सदस्य सचिव ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों में लकड़ी से लदे ट्रकों के प्रवेश पर निगरानी रखी जाए और उल्लंघन करने वाली फैक्ट्रियों के विरुद्ध सीलिंग जैसी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा ठोस कचरा, प्लास्टिक और खतरनाक अपशिष्ट को खुले में फेंकने वाली कंपनियों पर भी भारी जुर्माना लगाने की बात कही गई। नाथूपुर और जठेड़ी रोड पर व्याप्त कचरे व जलभराव की समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है।



**गन्नौर।** साध्वी समाहिता मुख्यातिथि भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक व सोनीपत नगर निगम मेयर को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करती हुईं। फोटो : हरिभूमि

## श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन गोपी-कृष्ण रास लीला, मथुरा गमन व रुक्मणी विवाह का वर्णन

**गन्नौर।** श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथावाचक साध्वी समाहिता ने गोपी-कृष्ण रास लीला का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि रास लीला आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है, जिसमें प्रेम, समर्पण और भक्ति की पराकाष्ठा दिखाई देती है। छठे दिन के कार्यक्रम में भाजपा नेता देवेंद्र कैशिक, सोनीपत नगर निगम मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा के प्रधान एवं नगरपालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी व गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। कथा में श्रीकृष्ण के मथुरा गमन का प्रसंग सुनाते हुए साध्वी समाहिता ने कंस वध के माध्यम से अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया। साथ ही श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि यह विवाह सच्चे प्रेम, साहस और नारी सम्मान का प्रतीक है। भजनों व कीर्तन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आए।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जागरुकता शिविर आज

**गन्नौर।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा 3 जनवरी को बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में जनता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में उपायुक्त सोनीपत सुशील सारखान, विधायक देवेंद्र कादियान तथा यूएचबीवीएन के प्रबंध निदेशक मनीराम शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। जानकारी देते हुए शहरी एसडीओ सतीश गोयत ने बताया कि शिविर का उद्देश्य घरों पर रूफटाप सोलर संयंत्र लगवाने के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दिए जा रहे अनुदान की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। शिविर में बताया जाएगा कि बीपीएल अंत्योदय श्रेणी व घरेलू उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी की जानकारी प्रदान की जाएगी। शिविर में आवेदन प्रक्रिया, लाभ और तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी।



**सोनीपत।** पूर्व विधायक सुरेन्द्र पंवार श्री बालाजी मंदिर, सालासर धाम में दर्शन करते हुए।

## पूर्व विधायक पंवार पहुंचें सालासर धाम

**सोनीपत।** विधायक सुरेंद्र पंवार ने श्री बालाजी मंदिर सालासर धाम में पहुंचकर श्री बालाजी महाराज के दर्शन किए व शहरवासियों के सुख-समृद्धि होने की कामना की। उन्होंने बालाजी महाराज से नववर्ष में शहर वासियों के सुखी-निरोगी होने की प्रार्थना की। विधायक सुरेंद्र पंवार नववर्ष के अवसर पर शहर वासियों के साथ श्री बालाजी मंदिर, सालासर धाम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि बालाजी महाराज के दर पर सच्चे मन से आने वाले प्रत्येक भक्तजन की मुराद पूरी होती है। उन्होंने कहा कि यह नव वर्ष 2026 सभी शहर वासियों के लिए मंगल मंगलमय रहे। इस दौरान सुरेंद्र छिक्कारा, कमल हसीजा, सतपाल दहिया, मनीष सैनी, अमित अंतिल, प्रवीन कुमार, कुलदीप सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मोजूद रहे।

## लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार सराहनीय कार्य : परमवीर



**गोहाना।** भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं पूर्व जिला महामंत्री परमवीर सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रही है। प्रदेश सरकार मिशन अंत्योदय के तहत पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है जिससे प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है। भाजपा नेता परमवीर सैनी ने कहा कि अब प्रदेश सरकार ने नव वर्ष पर लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार करके एक सराहनीय काम किया है। अब इस योजना का लाभ उन महिलाओं को भी मिल सकेगा जिनके परिवार की आय 1.80 लाख रुपये से कम है और उनके सरकारी स्कूल में पढने वाले बच्चे 10वीं व 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाते हैं। पूर्व जिला महामंत्री परमवीर सैनी ने कहा कि अब तक इस योजना के तहत केवल उन्हीं महिलाओं को 21 सौ रुपये प्रतिमाह मिलते थे जिनके परिवार की आय एक लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा सरकार द्वारा किसान व अन्य वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, लाडो लक्ष्मी, प्रधानमंत्री जन धन योजना, अटल पेंशन योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या समृद्धि, विधवा व विकलांग पेंशन सहित अनेक योजनाएं भी चलाई गई हैं।

## सिरसा में होगा राष्ट्रीय सैन महासभा का मिलन समारोह

**गोहाना।** राष्ट्रीय सैन महासभा का 22वां स्थापना दिवस एवं मिलन समारोह 5 जनवरी को सिरसा में आयोजित होगा। यह समारोह प्रातः 10 बजे एनएच-9 हिसार दिल्ली रोड स्थित होटल रॉयल हवेली गार्डन में आयोजित किया जाएगा। महासभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक विजय सैन सिरसा व प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया सैन आंवली के अनुसार समारोह के मुख्य अतिथि बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डा. प्रेम कुमार, उडीसा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल व विशिष्ट अतिथि बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री अशोक चौधरी, राष्ट्रीय सैन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद पूर्व सदस्य आजाद गांधी, छतीसगढ़ के विधायक रिकेश सैन, राष्ट्रीय पिछड़ा आयोग के सदस्य भूवन भूषण, सिरसा के वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष सिंघल, नगर परिषद चेयरमैन वीर शान्ति स्वरूप भट्टी और सेवानिवृत्त जिला सूचना एवं लोक सम्पर्क अधिकारी सुरेन्द्र कुमार कोथ होंगे। समारोह में समाज की अन्य महान विभूतियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।



**राई।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मास्टर सतनारायण आंतिल का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा नेता ने खीर और हलवा खिलाकर किया नववर्ष का स्वागत

**राई।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी मास्टर सतनारायण आंतिल ने नववर्ष 2026 का स्वागत राई हल्के की जनता और अपने सहयोगियों के साथ खीर व हलवा खिलाकर हर्षोल्लास के साथ किया। हल्के के अनेक सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने मास्टर सतनारायण आंतिल के कार्यालय पहुंचकर उन्हें गुलदस्ते और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

वहीं मास्टर सतनारायण आंतिल ने भी उपस्थित लोगों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान मास्टर सतनारायण आंतिल ने कहा कि विधायक कृष्णा गहलावत के सहयोग से राई हल्के को विकास के मामलों में प्रदेश में अग्रणी बनाने का उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के हर वर्ग को साथ लेकर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बुजुर्गों के अनुभव, आशीर्वाद से ही समाज सही दिशा में आगे बढ़ताः कृष्णा गहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राई

- कैंप कार्यालय में जनसुनवाई में विधायक ने समस्याएं सुनकर दिया समाधान का भरोसा

विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में नव वर्ष की बधाई देने गए वृद्धजनों का विधायक ने गर्म लोई देकर विशेष सम्मान किया गया। विधायक ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हमारी संस्कृति की पहचान है। विधायक ने कहा कि बुजुर्गों के अनुभव और आशीर्वाद से ही समाज सही दिशा में आगे बढ़ता है। इसके बाद विधायक ने लोगों की समस्या सुनी और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, स्वास्थ्य, राशन कार्ड, भूमि विवाद एवं अन्य जनहित से जुड़े मामलों को प्रमुखता से उठाया गया। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है और जनता के विश्वास पर खरा उतरना उनका दायित्व है। उन्होंने अधिकारियों को कई मामलों में तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल समस्याएं सुनना ही नहीं, बल्कि उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।



**राई।** वृद्धजनों का विधायक कृष्णा गहलावत गर्म लोई से सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## पलड़ी खुर्द नाके पर रोडवेज बसों का ठहराव, विधायक का जताया आभार

बड़ौत-बागपत, मेरठ, ब्रजघाट मार्ग पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों का पलड़ी खुर्द नाके पर ठहराव करवाए जाने पर ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत का आभार जताया। लंबे समय से चली आ रही मांग के पूरा होने पर खुशी व्यक्त की है। विधायक गहलावत के मीडिया प्रभारी योगेश ने बताया कि इस मार्ग पर चलने वाली रोडवेज बसें अब नियमित रूप से पालड़ी खुर्द नाके पर रुकेंगी, जिससे पालड़ी खुर्द, पालड़ी कलां, पालड़ा, बड़ोली, नंदनौर और जज्जल सहित आसपास के गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। अब ग्रामीणों को बस पकडने के लिए दूर-दराज के स्टैंडों पर नहीं जाना पड़ेगा।

### विभाग को दोबारा बजट तैयार करने के दिए निर्देश, पहले बनाया गया 1 करोड़ का बजट रद्द

# लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में ठहराव करने वाले लोगों को मिलेंगी थ्री स्टार होटल जैसी सुविधाएं

- रेलवे रोड स्थित विश्राम गृह में सुंदरीकरण के लिए दिसंबर 2024 में तैयार किया गया था बजट, उच्चाधिकारियों ने निकाली कुछ खामियां
- मुख्यालय के निर्देश पर विभाग अब शेष खामियों को जोड़कर तैयार करेगा बजट






**सोनीपत।** रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग का विश्राम गृह व लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के मुख्य द्वार पर लगा उद्घाटन का बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में करीब 50 साल बाद सुंदरीकरण के कार्य करवाए जाएंगे। इसके लिए पंचकूला मुख्यालय ने विभाग को पुनः बजट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। विभाग ने विश्राम गृह का सुंदरीकरण करवाने के लिए दिसंबर 2024 में करीब एक करोड़ रुपये का बजट तैयार कर मुख्यालय भेजा था, लेकिन मुख्यालय ने उक्त बजट में कुछ खामियां बताकर इसे रद्द कर दिया है। साथ ही विभाग को दोबारा बजट तैयार करने के निर्देश दिए है। विभाग जल्द शेष खामियों को जोड़कर दोबारा बजट तैयार करेगा।

हरियाणा के तत्कालीन राजस्व मंत्री चिरंजीलाल शर्मा ने 5 अप्रैल 1975 को रेलवे रोड पर लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह का शिलान्यास किया था। इसके बाद तत्कालीन उपायुक्त राम नारायण सिंह ने 23 दिसंबर 1976 को विश्राम गृह का उद्घाटन किया था। वक्त बीतने के साथ विश्राम गृह का सुंदरीकरण फीका पड़ने लगा है।

यहां लगाए गए दरवाजे-खिड़की, पाइप फिटिंग पुरानी हो चुकी है। विश्राम गृह का भवन 50 साल पुराना होने से लोक निर्माण विभाग ने इसका दोबारा सुंदरीकरण करवाने का निर्णय लिया है। विभाग की ओर से विश्राम गृह के भवन में फॉल सीलिंग करवाने के साथ पाइप फिटिंग को बदलवाया जाएगा। साथ ही सभी कमरों के दरवाजे-खिड़कियां व शीशे भी बदलवाए जाएंगे। यह कार्य पूर्ण होने के बाद सभी कमरों के फर्नीचर को भी बदलवाया जाएगा। इसके बाद यहां ठहराव करने वाले लोगों को तीन स्टार होटल जैसी सुविधाओं का अनुभव हो सकेगा। मुख्यालय ने इन कार्यों के लिए विभाग को दोबारा बजट तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

**फॉल सीलिंग के साथ बेड व सोफा सेट की मैचिंग के होंगे पर्दे**

*विश्राम गृह के शौचालयों में पाइप फिटिंग व कमरों में फॉल सीलिंग होने के बाद नए डबल बेड की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही डबल बेड के साथ नए सोफे सेट व कुर्सी-मेज रखवाए जाएंगे। इतना ही नहीं, कमरों में बेड व सोफा सेट की मेंचिंग के हिसाब से दरवाजों व खिड़कियों पर्दे लगवाने का कार्य भी किया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों ने फर्नीचर बनाने वाली कंपनियों से संपर्क करने की तैयारी शुरू कर दी है। बजट तय होने के बाद ही इन कार्यों का श्रीगणेश किया जा सकेगा। यह कार्य करवाने से पहले विभाग जल्द बजट तैयार कर मुख्यालय भेजेगा।*

*रेलवे रोड स्थित विश्राम गृह में समय के साथ फर्नीचर, पाइप फिटिंग व अन्य सुविधाएं काफी पुरानी हो चुकी हैं। विश्राम गृह में सुंदरीकरण के कार्य करवाने के लिए जल्द पुनः बजट तैयार कर मुख्यालय भेजा जाएगा। मुख्यालय से मंजूरी मिलने के पश्चात विश्राम गृह में विभिन्न कार्य करवाए जाएंगे।*
*-पंकज गौड़, कार्यकारी अभियंता, लोक निर्माण विभाग*



**गन्नौर।** समक शाह डेरा में पहुंचे भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक। फोटो : हरिभूमि

## भाजपा नेता देवेंद्र ने तपस्वी बाबा दीपक नाथ से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

**सुख शांति समृद्धि और भाईचारे की कामना की**

भाजपा नेता देवेंद्र कौशिक ने अपने पैतृक गांव समसपुर गामड़ा में समक शाह डेरा में पहुंचे। कार्यक्रम में देवेंद्र कौशिक ने तपस्वी बाबा दीपक नाथ से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना की गई। बाबा दीपक नाथ ने अपने आशीर्वचन में समाज में सद्भाव, सेवा और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संतों का मार्ग मानवता, प्रेम और आपसी सहयोग का मार्ग होता है। कार्यक्रम के दौरान लोकेश सरपंच प्रतिनिधि दातौली, सरपंच प्रतिनिधि रविंद्र पहल गुमड़, सोनू नयाबांस, मनजीत काला ने भी बाबा दीपक नाथ तथा अन्य गुरु-साधुओं का आशीर्वाद प्राप्त किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

आवश्यकता
अखबार वितरण कार्य
सुबह का आसान काम (दो घंटे),
अच्छा कमीशन + बोनस, स्थानीय क्षेत्र में डिलीवरी
छात्र / पार्ट टाइम जॉब चाहने वालों के लिए बेहतरीन मौका!
कॉल या WhatsApp करें :
सेठी न्यूज एजेंसी
9896399032, 9896691100
निवेदन : कृपया जिन्हें पार्ट टाइम रोजगार की आवश्यकता है। उन्हें भेजे